# नगर परिषद बद्दी, जिला सोलन, हि0प्र0 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अंकेक्षण अवधि 1—4—2012 से 31—3—2015

## भाग—एक

## 1 प्रारम्भिक

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप नगर पालिका अधिनियम 1994 की धारा 255(1) में संशोधन होने व प्रधान सचिव (वित्त) हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या 1—376/81—फिन(एल0ए0)खण्ड—IV, दिनांक 16.10.2008 द्वारा नगर परिषदों एवं नगर पंचायतों के लेखाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत नगर परिषद बद्दी, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश के लेखाओं का अंकेक्षण कार्य किया गया।

वर्तमान अंकेक्षण के दौरान नगर परिषद बद्दी में नियन्त्रक/आहरण एवं संवितरण अधिकारी के रूप में निम्न प्रधान एवं कार्यकारी अधिकारी कार्यरत रहे :—

**प्रधान**

| क्रमांक | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री मदन लाल | 1.4.2012 से 31.3.2015 |

**कार्यकारी अधिकारी**

| क्रमांक | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री के0एल0 ठाकुर | 1.4.2012 से 2.4.2012 |
| 2 | श्री विकास शुक्ला | 13.4.2012 से 22.4.2012 |
| 3 | श्री सुधीर शर्मा | 23.4.2012 से 31.3.2015 |

### (ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार

| क्रमांक | अनियमितताओं का संक्षिप्त सार | पैरा संख्या | राशि (लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | सावधि जमा में निवेशित राशियों पर प्राप्त ब्याज का रोकड़ बही में लेखांकन न करना | 5.1 | 27.20 |
| 2 | बैंक द्वारा स्त्रोत पर आयकर की काटी गई राशि का रिफण्ड प्राप्त न करना | 5.2 | 3.14 |
| 3 | अनुदान राशि का उपयोग/व्यय हेतु शेष पाया जाना | 6 | 2532.74 |
| 4 | पैन्शन एवं ग्रच्युटी अंशदान की राशि को सम्बन्धित निधि में कम जमा करना | 7.1 | 16.52 |
| 5 | अकुशल वित्तीय प्रबन्धन के कारण अतिरिक्त ब्याज की हानि | 7.3 | 4.42 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6 | बैंक में राशि देरी से जमा करवाने पर अस्थाई दुर्विनियोजन करना | 16 | 2.37 |
| 7 | रख–रखाव प्रभार की वसूली योग्य शेष राशि | 17 | 67.28 |
| 8 | दुकानों के किराये की वसूली योग्य शेष राशि | 18 | 16.68 |
| 9 | दुकाने खाली रहने पर नगर परिषद को हानि | 18.1 | 3.10 |
| 10 | आयकर का अधिक भुगतान | 19.1 | 0.32 |
| 11 | आयकर, लेबर सैस, शिक्षा सैस व सेल टैक्स की वसूली गई राशियों का सम्बन्धित विभागों को भुगतान न करना | 19.2 | 7.59 |
| 12 | संविदाकारों से लेबर सैस की कम वसूली करना | 19.3 | 0.79 |
| 13 | संविदाकारों से आयकर की कम वसूली करना | 20 | 3.23 |
| 14 | स्टाफ अग्रिम राशियों का समायोजन न करना | 22 | 1.97 |
| 15 | Transportation of Garbage के कार्य में अधिक भुगतान | 24 | 0.62 |
| 16 | सफाई के कार्य में संविदाकार को अधिक भुगतान | 25 | 0.62 |
| 17 | सफाई के कार्य में संविदाकार को अधिक भुगतान | 26 | 0.42 |
| 18 | सेल टैक्स की कम वसूली | 27 | 0.49 |

## (ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन

गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के शेष पैरों पर की गई कार्यवाही का अवलोकन करने के उपरान्त पैरों की नवीनतम स्थिति इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के **परिशिष्ट–"A"** पर दर्शाई गई है। प्रायः यह देखने में आया है कि गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के शेष पैरों पर नगर परिषद द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है जोकि अत्यन्त चिन्ता का विषय है। अतः नगर परिषद द्वारा लगभग 235 लम्बित पैरों के निपटारे हेतु विशेष अभियान/कार्रवाई की जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से यथा समय इस विभाग को अवगत करवाया जाए ताकि अधिक से अधिक पैरों का निस्तारण सम्भव हो सके।

## भाग–दो

## 2 वर्तमान अंकेक्षण

नगर परिषद बद्दी के अवधि 1.4.2012 से 31.3.2015 के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण, श्री चम्बेल सिंह परमार, सहायक नियन्त्रक (ले0प0) एवं श्री केवल सिंह, अनुभाग अधिकारी (ले0प0) द्वारा दिनांक 17.2.2016 से 4.5.2016 के दौरान नगर परिषद बद्दी में किया गया। आय की विस्तृत जांच हेतु माह 10/2012, 7/2013 एवं 4/2014 तथा व्यय की विस्तृत

जाँच हेतु माह 10/2012, 3/2014 एवं 10/2014 के लेखाओं का चयन किया गया, जिसके परिणामों को आगामी पैराग्राफों में समाविष्ट किया गया है।

इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण कार्यकारी अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं के आधार पर किया गया है। कार्यकारी अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई गलत सूचना/सूचना उपलब्ध न करवाने पर पाई गई अनियमितताओं के लिए स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

## 3 अंकेक्षण शुल्क

नगर परिषद बद्दी के अवधि 4/2012 से 3/2015 के लेखाओं के अंकेक्षण करने हेतु अंकेक्षण शुल्क ₹93,000 बनता है। उक्त राशि को निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, शिमला–09 को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से भेजने हेतु कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद बद्दी को अंकेक्षण अधियाचना संख्या 22, दिनांक 3.5.2016 द्वारा अनुरोध किया गया।

## 4 वित्तीय स्थिति

कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद बद्दी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार नगर परिषद बद्दी की अवधि 4/2012 से 3/2015 तक की वित्तीय स्थिति निम्नानुसार थी :–

| वर्ष | आय का स्त्रोत | प्रारम्भिक शेष | आय | ब्याज | कुल योग | व्यय | अन्तिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2012–13 | स्वस्त्रोत | 3,19,83,844 | 47,56,763 | 24,06,775 | 3,91,47,382 | 30,13,157 | 3,61,34,225 |
| | अनुदान | 1,84,42,729 | 2,92,81,983 | – | 4,77,24,712 | 3,04,98,724 | 1,72,25,988 |
| | **कुल** | **5,04,26,573** | **3,40,38,746** | **24,06,775** | **8,68,72,094** | **3,35,11,881** | **5,33,60,213** |
| 2013–14 | स्वस्त्रोत | 3,61,34,225 | 1,04,05,372 | 17,36,692 | 4,82,76,289 | 40,64,129 | 4,42,12,160 |
| | अनुदान | 1,72,25,988 | 1,87,02,077 | – | 3,59,28,065 | 2,54,99,521 | 1,04,28,544 |
| | **कुल** | **5,33,60,213** | **2,91,07,449** | **17,36,692** | **8,42,04,354** | **2,95,63,650** | **5,46,40,704** |
| 2014–15 | स्वस्त्रोत | 4,42,12,160 | 71,40,703 | 77,76,755 | 5,91,29,618 | 31,76,736 | 5,59,52,882 |
| | अनुदान | 1,04,28,544 | 27,70,84,052 | – | 28,75,12,596 | 3,42,38,825 | 25,32,73,771 |
| | **कुल** | **5,46,40,704** | **28,42,24,755** | **77,76,755** | **34,66,42,214** | **3,74,15,561** | **30,92,26,653** |

| | |
|---|---|
| **दिनांक 31.3.2015 को परिषद के स्वःस्त्रोतों की आय का अन्तिम शेष** | **55952882** |
| **अनुदान राशि का अन्तिम शेष** | **253273771** |
| **रोकड़ वही/वित्तीय स्थिति का अन्तिम शेष** | **309226653** |
| **रोकड़ वही के अनुसार 31.3.2015 को अन्तिम शेष** | **309226653** |
| **बैंक पास बुक/विवरणी के अनुसार अन्तिम शेष (पैरा 4.2)** | **309423375** |
| **अन्तर की राशि** | **196722** |

## 4.1 बैंक समाधान विवरणी :—

नगर परिषद की रोकड़ बही व बैंक पास बुक विवरणी में पाए गए अन्तर का बैंक समाधान विवरण निम्न प्रकार से था :—

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **बैंक पास बुक/विवरणी के अनुसार अन्तिम शेष** | | | | **30,94,23,375** |
| माईनस | | | | |
| चैक जारी किए गए परन्तु भुगतान हेतु बैंक में प्रस्तुत नहीं किए गए | | | | |
| **क्र0 सं0** | **चैक संख्या** | **दिनांक** | **राशि** | |
| 1) | 81570 | 18.2.2015 | 10,967 | |
| 2) | 348893 | 17.3.2015 | 3,612 | |
| 3) | 84581 | 20.3.2015 | 2,143 | |
| 4) | 348915 | 26.3.2015 | 1,80,000 | (—) 1,96,722 |
| **रोकड़ बही के अनुसार अन्तिम शेश** | | | | **30,92,26,653** |

## 4.2 बैंक में जमा राशि का विवरण

नगर परिषद द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनांक 31.3.2015 को विभिन्न बैंकों में जमा राशि की स्थिति निम्न प्रकार से थी :—

| क्रम संख्या | बैंक का नाम | खाता संख्या | 31.3.2015 को अन्तशेष |
|---|---|---|---|
| 1) | जोगिन्द्रा को0ओ0 बैंक | 10234001003204 | 48,82,760 |
| 2) | जोगिन्द्रा को0ओ0 बैंक | 10234001003436 | 74,779 |
| 3) | एक्सिस बैंक | 366010100170284 | 16,40,84,164 |
| 4) | एक्सिस बैंक | 366010100102735 | 3,735 |
| 5) | पी0एन0बी0 | 00100034650 | 25,03,277 |
| 6) | यूको बैंक | 30100001977 | 37,26,377 |
| 7) | आई0सी0आई0सी0आई | 49901000353 | 3,52,17,363 |
| 8) | आई0डी0बी0आई | 165104000049319 | 3,17,54,400 |
| 9) | एच0डी0एफ0सी0 | 06502560001616 | 15,264 |
| 10) | सावधि निवेश | | 6,71,61,256 |
| | | **31.3.2015 तक कुल जमा राशि** | **30,94,23,375** |

## 5 सावधि निवेश

नगर परिषद द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के आधार पर दिनांक 31.3.2015 को ₹6,71,61,256 सावधि जमा में निवेशित थी जिसका विवरण **परिशिष्ट "क"** के अनुसार निम्न प्रकार से है :—

| क्र0 सं0 | बैंक का नाम | सावधि जमा संख्या | निवेशित राशि | निवेश की तिथि | ब्याज दर | परिपक्वता तिथि | परिपक्वता राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1) | पंजाब नैशनल बैंक | 413100PR00006005 | 48,75,366 | 21.7.12 | 9% | 21.7.15 | 61,34,607 |
| 2) | पंजाब नैशनल बैंक | 272100PR00015037 | 27,85,890 | 1.11.12 | 9% | 1.11.15 | 36,38,511 |
| 3) | एच0डी0एफ0सी | 5030008173741 | 25,00,000 | 13.7.13 | 8.75% | 14.7.15 | 24,73,215 |
| 4) | आई0डी0बी0आई | 0165106000011459 | 95,00,000 | 1.7.14 | 9.30% | 13.11.15 | 1,07,73,695 |
| 5) | आई0डी0बी0आई | 0165106000011468 | 95,00,000 | 2.7.14 | 9.30% | 14.11.15 | 1,07,73,696 |
| 6) | आई0डी0बी0आई | 016510600001486 | 95,00,000 | 3.7.14 | 9.30% | 15.11.15 | 1,07,73,696 |
| 7) | आई0डी0बी0आई | 0165106000011495 | 95,00,000 | 4.7.14 | 9.30% | 16.11.15 | 1,07,73,695 |
| 8) | आई0डी0बी0आई | 016510600001547 | 95,00,000 | 5.7.14 | 9.30% | 17.11.15 | 1,07,73,696 |
| 9) | कैनरा | 3436401002463/1 | 45,00,000 | 1.7.14 | 9.05% | 1.7.15 | 49,21,282 |
| 10) | कैनरा | 2436401002525/1 | 50,00,000 | 26.8.14 | 9.05% | 26.8.15 | 54,68,089 |
| | | | **6,71,61,256** | | | | |

सावधि जमा में निवेशित उपरोक्त राशियों को उनकी परिपक्वता तिथि को बैंक से भुनाया जाना एवं पुनः निवेश किया जाना सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त क्रम संख्या 3 में वर्णित निवेशित राशि की परिपक्वता राशि सही प्रतीत नहीं होती है जिसको बैंक से सम्पर्क करके सही करवाया जाए।

## 5.1 सावधि जमा में निवेशित राशियों पर प्राप्त ब्याज की ₹27.20 लाख का रोकड़ बही में लेखांकन न करना

उपरोक्त पैरा संख्याः 5 में दिए गए विवरणानुसार पी0एन0बी0 के सावधि जमा खाता संख्या 413100PR00006005 में ₹48,75,366 तथा सावधि जमा खाता संख्याः 272100PR0015037 ₹27,85,890 क्रमशः दिनांक 21.7.2012 व 1.11.2012 को निवेशित की गई थी तथा इन राशियों को बैंक द्वारा प्रतिवर्ष पुनः निवेशित किया गया था, जिसके फलस्वरूप **परिशिष्ट–''ख''** पर दिए गए विवरणानुसार माह 11/2015 तक इन राशियों पर ₹27,19,723 का बयाज प्राप्त करके इसे पुनः निवेशित किया जा चुका है। अतः उपरोक्त प्राप्त ब्याज की राशि का रोकड़ बही में लेखांकन न करने बारे औचित्य स्पष्ट करने के अतिरिक्त ब्याज की प्राप्त/पुनः निवेशित राशि का रोकड़ बही में लेखांकन किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 5.2 बैंक द्वारा सावधि जमा पर स्त्रोत पर काटी गई आयकर की ₹3,14,011 का आयकर विभाग से रिफण्ड न लेने बारे

बैंक द्वारा **परिशिष्ट–''ख''** पर दिए गए विवरणानुसार ₹3,14,011 स्त्रोत पर आयकर की वसूली के रूप में काटी गई थी। अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि नगर परिषद द्वारा स्त्रोत पर काटी गई उपरोक्त राशि के आयकर विभाग से रिफण्ड हेतु कोई कार्रवाई नहीं की गई। अतः ₹3,14,011 को आयकर के रूप में बैंक द्वारा कटौती किए जाने के पश्चात आयकर विभाग से

आवश्यक रिफण्ड लिए जाने हेतु दावा प्रस्तुत न करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए व आयकर विभाग से उपरोक्त राशि के रिफण्ड हेतु मामला अविलम्ब उठाया जाए।

## 5.3 सावधि जमा खातों में परिपक्वता पर ₹10,196 से कम निवेशित दर्शाया जाना

साविध जमा संख्याः 143100PR00006005 में निवेशित राशि को परिपक्वता तिथि पर कुल प्राप्त राशि से आयकर की वसूली के बाद बची राशि को वास्तविक राशि से कम राशि के लिए निवेश किया गया, जिसके फलस्वरूप वर्ष 2012–13 से वर्ष 2014–15 तक **परिशिष्ट–''ख''** पर दिए गए विवरणानुसार ₹10,196 से उपरोक्त सावधि जमा की राशि कम पुनः निवेशित की गई थी। अतः कम पुनः निवेशित की गई ₹10,196 की वसूली करके सम्बन्धित मामला बैंक के साथ उठाया जाए तथा उपरोक्त राशि की वसूली करनी सुनिश्चित की जाए।

## 6 अनुदान की ₹2532.74 लाख का उपयोग/व्यय हेतु शेष पाया जाना

नगर परिषद द्वारा अवधि 1.4.2012 से 31.3.2015 के दौरान प्राप्त अनुदानों व इस अवधि में किए गए व्यय तथा दिनांक 31.3.2015 को पाए गए अन्तशेष तथा पूर्व की अनुपयुक्त अनुदान की राशियों का विवरण **परिशिष्ट–''ग(i)'', ''ग(ii)''**, व **''ग(iii)''** पर दिया गया है। जांच करने पर पाया गया कि वर्ष 2012–13 से पूर्व अवधि के अनुदानों की शेष ₹1,84,42,729 में से ₹1,81,14,729 ही व्यय की गई तथा दिनांक 31.3.2015 ₹3,28,000 व्यय हेतु शेष पाई गई। इसके अतिरिक्त अंकेक्षणाधीन अवधि में विभिन्न स्त्रोतों से ₹32,50,68,112 अनुदानों के रूप में प्राप्त हुई जिसमें से इस अवधि में उपरोक्त ₹1,81,14,729 के अतिरिक्त ₹7,21,22,341 व्यय की गई तथा ₹25,29,45,771 शेष पाई गई। इस प्रकार दिनांक 31.3.2015 तक पूर्व अवधि की ₹3,28,000 तथा वर्तमान अंकेक्षण अवधि की ₹25,29,45,771 अर्थात कुल ₹25,32,73,771 शेष थी। अतः अनुदान की राशियाँ सम्बन्धित वर्षों में व्यय न किए जाने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए व शेष राशियों को नियमानुसार व्यय किए जाने बारे ठोस पग उठाये जाए।

## 7 पैन्शन एवं ग्रेच्युटी निधि

पैन्शन एवं ग्रेच्युटी निधि की जांच करने पर निम्नलिखित अनियमिततायें पाई गई :–

नगर परिषद बद्दी के पैन्शन एवं ग्रेच्युटी निधि की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से थी :–

| विवरण | 2012–13 | 2013–14 | 2014–15 |
|---|---|---|---|
| प्रारम्भिक शेष | 29,93,302 | 32,63,751 | 35,64,985 |
| वर्ष के दौरान जमा अंशदान | 15,266 | 0 | 3,64,128 |
| वर्ष के दौरान प्राप्त ब्याज | 2,55,183 | 3,01,234 | 4,20,759 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **जोड़** | **32,63,751** | **35,64,985** | **43,49,872** |
| वर्ष के दौरान व्यय | — | — | — |
| अन्तिम शेष | 32,63,751 | 35,64,985 | 43,49,872 |

## 7.1 पैन्शन एवं ग्रेच्युटी अंशदान की ₹16.52 लाख को सम्बन्धित निधि में कम जमा करना

अवधि 4/2012 से 3/2015 के दौरान पैन्शन एवं ग्रेच्युटी निधि के प्रतिमाह देय अंशदान की राशि को पैन्शन व ग्रेच्युटी निधि में कम जमा किया गया था। कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद बद्दी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनांक 31.3.2015 तक पैन्शन एवं ग्रेच्युटी अंशदान की ₹16,51,726 को पैन्शन व ग्रेच्युटी निधि में कम जमा किया गया था, जिसका विवरण निम्न प्रकार से है। अतः पैन्शन एवं ग्रेच्युटी अंशदान की देय राशि प्रतिमाह जमा न करने बारे स्थिति स्पष्ट करने के अतिरिक्त अवधि 4/2012 से 3/2015 तक की देय ₹16,51,726 को शीघ्र पैन्शन एवं ग्रेच्युटी निधि में जमा किया जाए तथा भविष्य में प्रतिमाह पैन्शन एवं ग्रेच्युटी निधि में देय राशि को जमा किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

| अवधि | पैन्शन एवं ग्रेच्युटी अंशदान की देय राशि | पैन्शन एवं ग्रेच्युटी अंशदान की जमा राशि | पैन्शन एवं ग्रेच्युटी अंशदान की कम जमा राशि |
|---|---|---|---|
| 1.4.2012 से 31.3.2013 | 6,77,040 | 15,266 | 6,61,774 |
| 1.4.2013 से 31.3.2014 | 6,77,040 | — | 6,77,040 |
| 1.4.2014 से 31.3.2015 | 6,77,040 | 3,64,128 | 3,19,912 |
| **जोड** | **20,31,120** | **3,79,394** | **16,51,726** |

**7.2** पैन्शन एवं ग्रेच्युटी निधि से सम्बन्धित रोकड़ बहियां नहीं लिखी गई थी तथा पैन्शन एवं ग्रेच्युटी निधि से सम्बन्धित राशियां अलग–अलग नहीं रखी गई थी। कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद बद्दी द्वारा प्रस्तुत सूचना के अनुसार 31.3.2015 तक पैन्शन एवं ग्रेच्युटी निधि में कुल ₹43,49,872 जमा थी, जिसमें से ₹30,70,498 पैन्शन निधि व ₹12,79,374 ग्रेच्युटी की थी। अतः पैन्शन निधि की रोकड़ बहीयां न लिखने बारे व जमा राशियां को अलग–अलग न रखने बारे स्थिति स्पष्ट करने के अतिरिक्त भविष्य में पैन्शन निधि व ग्रेच्युटी निधि की अलग–अलग रोकड़ बहियां लिखी जानी व अलग–अलग बैंक खाते रखे जाने सुनिश्चित किए जाएं।

## 7.3 अकुशल वितीय प्रबन्धन के कारण ₹4.42 लाख के रूप में अतिरिक्त ब्याज की हानि

पैन्शन एवं ग्रेच्युटी निधि की वित्तीय स्थिति के अनुसार समस्त जमा राशि बैंक बचत खाते में ही रखी गई थी, जबकि उचित वित्तीय प्रबन्धन को ध्यान में रखते हुए तथा भविष्य की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए शेष राशि को अल्पकालिक/दीर्घ कालिक सावधि जमा में

निवेश किया जाना अपेक्षित था जिससे परिषद को 5 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज की दर से तीन वर्षों के दौरान निम्न विवरणानुसार ब्याज की ₹4,41,992 अधिक अर्जित हो सकती थी, लेकिन पैन्शन एंव ग्रेच्युटी निधि की समस्त राशि को बचत खातों में रखने के फलस्वरूप उपरोक्त ब्याज की राशि की हानि हुई है। अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 327, दिनांक 25.2.2016 द्वारा उपरोक्त मामला कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद के ध्यान में लाया गया था तथा कार्यकारी अधिकारी के पत्र संख्याः न0प0/बद्दी/ऑडिट/2016, दिनांक 30, अप्रैल 2016 द्वारा आश्वासन दिया था कि पैन्शन व ग्रेच्युटी निधि में जमा राशि की एफ0डी0आर बना दी जाएगी। अतः इस सन्दर्भ में कृत कार्रवाई से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| दिनांक | पैन्शन एवं ग्रेच्युटी निधि में जमा राशि | 90 प्रतिशत भाग | 5 प्रतिशत की दर से ब्याज |
|---|---|---|---|
| 1.4.2012 | 29,93,302 | 26,93,972 | 1,34,699 |
| 1.4.2013 | 32,63,751 | 29,37,376 | 1,46,869 |
| 1.4.2014 | 35,64,985 | 32,08,486 | 1,60,424 |
| | | **कुल राशि** | **4,41,992** |

## 8 पार्किंग फीस की ₹0.50 लाख की कम वसूली

नगर परिषद द्वारा पुराने बस अड्डे के समीप माह जनवरी 2014 में ओटो रिक्शा पार्किंग के लिए ₹16,500 की दर से ओटो रिक्शा यूनियन के लिए पार्किंग स्थान चिन्हित किया गया था। अधियाचना संख्याः 349, दिनांक 30.3.2016 द्वारा नगर परिषद को ओटो रिक्शा आबंटन से सम्बन्धित सम्पूर्ण अभिलेख प्रस्तुत करने बारे अनुरोध किया गया, परन्तु अंकेक्षण अवधि की समाप्ति तक अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए। आय रसीदों की जाँच उपरान्त वर्ष 2014–2015 में ओटो–रिक्शा पार्किंग से ₹1,98,000 प्राप्त की जानी अपेक्षित थी, परन्तु नगर परिषद द्वारा ₹1,48,500 ही पार्किंग शुल्क के रूप में प्राप्त की गई। इस प्रकार (1,98,00 – 1,48,500 = 49,500) की कम वसूली की गई। अतः बकाया राशि की वसूली उचित माध्यम से करके परिषद निधि में जमा की जाए तथा की गई कार्रवाई से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 9 गृहकर आरोपित न किए जाने बारे

निदेशक, शहरी विकास विभाग हिमाचल प्रदेश के पत्र संख्याः ULB-H(C)(9)2/91-II, दिनांक 20.4.1998, ULB-H(C)(9)-1, दिनांक 6.11.1999 तथा UDH(C)(10)-10/97, दिनांक 4.12.1999 में दिए गए दिशा निर्देशों के तहत परिषद अधिसूचित क्षेत्र में गृहकर आशेपित नहीं किया गया। गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों में इस बारे आवश्यक कार्यवाही करने बारे सुझाव दिया गया था, परन्तु इस सन्दर्भ में कोई कार्यवाही नहीं की गई। अतः पूर्ण मामला नगर परिषद प्रशासन के

उच्च अधिकारियों के ध्यान में इस आशय के साथ लाया जाता है कि भविष्य में इस सन्दर्भ में आवश्यक कार्यवाही अमल में ला कर गृहकर वसूली की जानी सुनिश्चित की जाए तथा की गई कार्रवाई से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 10 मदिरा शुल्क

आबकारी एवं कराधान विभाग से नगर परिषद परिक्षेत्र में बेची गई शराब की बोतलों पर एक रुपया प्रति बोतल की दर से अवधि 4/2008 से 3/2015 तक निम्नलिखित आय प्राप्त की गई :–

| क्र0सं0 | वर्ष | राशि | जी–8 संख्या | प्राप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2008–09 | 99,365 | 4918 | 20.6.2011 |
| 2 | 2008–09 | 10,572 | 4919 | 20.6.2011 |
| 3 | 2009–10 | 3,33,193 | 5799 | 14.5.2012 (अंकेक्षण अवधि के बाद प्राप्त की गई राशि) |
| 4 | 2009–10, 2010–11 व 2011–2012 | 12,75,033 | 6587 | 28.3.2013 (अंकेक्षण अवधि के बाद प्राप्त की गई राशि) |
| 5 | 2012–13, 2013–14 | 26,11,996 | 7084 | 11.3.2015 |
| 6 | 2014–15 | शून्य | – | – |

इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 349, दिनांक 30.3.2016 द्वारा अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत करने के लिए अनुरोध किया गया था, परन्तु सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण के दौरान प्रस्तुत नहीं किए गए। जिसके अभाव में प्राप्त आय की सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी। अतः यह प्रकरण नगर परिषद के उच्च अधिकारियों के विशेष ध्यान में आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु लाया जाता है।

## 11 बिजली शुल्क बारे

हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्याः एल0एस0जी0डी0(1)–9/94, दिनांक 24.8.2000 के अनुसार नगर परिषद क्षेत्र में बिजली की कुल खपत पर दिनांक 1.10.2000 से एक पैसा प्रति यूनिट की दर से बिजली बोर्ड द्वारा सम्बन्धित नगर परिषद को भुगतान किए जाने का प्रावधान किया गया था। अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि वित्त वर्ष 2012–13 में जी–8 शून्य दिनांक 29.7.2013 (रोकड़ बही) के तहत ₹57,30,000 इस सन्दर्भ में प्राप्त की गई थी, परन्तु नगर परिषद द्वारा इस राशि हेतु (जी–8) रसीद जारी नहीं की गई है और रोकड़ बही में दिनांक 29.7.2013 को जमा दर्शाई गई है। इस प्रकार वर्षानुसार प्राप्त राशि का विवरण खपत की गई

बिजली से सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किए गए जिसके अभाव में प्राप्त आय का सत्यापन नहीं किया जा सका। अतः वांछित अभिलेख/आंकडे सम्बन्धित विभाग से एकत्रित करके आगामी आवश्यक जांच हेतु प्रस्तुत किए जाएं। गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्याः–18 में भी यह आपत्ति उठाई गई थी, परन्तु इस बारे इतने समय बाद भी आवश्यक कदम नहीं उठाया गया। इसके अतिरिक्त इस सन्दर्भ में दिनांक 31.3.2015 तक कितनी राशि वसूल की गई और कितनी राशि वसूली योग्य शेष है, इस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा यह प्रकरण बिजली बोर्ड के प्रशासन से उठाया जाए तथा नियमानुसार अपेक्षित राशि वसूल करके पुष्टि आगामी अंकेक्षण में करवाई जाए।

## 12 मोबाईल टावरस शुल्क की वसूली न किए जाने बारे

हिमाचल प्रदेश सरकार की पत्र संख्या DIT-DEV-IT-2005, दिनांक 22.8.2006 के अनुसार नगर परिषद क्षेत्र में मोबाईल सेवा प्रदान करने वाली विभिन्न कम्पनियों द्वारा लगाए गए मोबाईल टावरों से स्थापना शुल्क की ₹10,000 प्रति टावर तथा वार्षिक शुल्क ₹5,000 प्रति टावर वसूल करना आपेक्षित था। अंकेक्षण के दौरान यह पाया गया नगर परिषद द्वारा वर्ष 2012–13, 2013–14 से स्थापना शुल्क तथा वार्षिक नवीनीकरण शुल्क की वसूली नहीं की गई जबकि वर्ष 2014–15 में जी–8 संख्याः 7396, दिनांक 1.7.2014 व जी–8 संख्या 7540, दिनांक 8.12.2014 द्वारा क्रमशः ₹10,000 व ₹10,000 अर्थात कुल ₹20,000 वसूल की गई। अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 349, दिनांक 30.3.2016 द्वारा नगर परिषद को परिषद क्षेत्र में लगाये गए (स्थापित) टाबरों की सूचि व प्राप्त की गई राशि से सम्बन्धित अभिलेख प्रस्तुत करने बारे आग्रह किया गया था परन्तु नगर परिषद द्वारा अंकेक्षण अवधि की समाप्ति तक कोई भी अभिलेख अंकेक्षण में जांच हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया। अतः वांछित अभिलेख प्रस्तुत न करने का औचित्य स्पष्ट करते हुए अपेक्षित अभिलेख आगामी अंकेक्षण के दौरान प्रस्तुत करने सुनिश्चित किए जाएं।

## 13 तहबजारी शुल्क की वसूली न करना

नगर परिषद अधिनियम 1994 की धारा 66(1)(1) के अन्तर्गत नगर परिषद क्षेत्र की सड़कों, गलियों एवं चौराहों इत्यादि पर विद्यमान व्यवसायियों से नियमानुसार तहबजारी शुल्क की वसूली करने का प्रावधान किया गया था। गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्याः 19 में भी यह आपत्ति उठाई गई थी, परन्तु इस बारे इतने समय बाद भी आवश्यक कदम नहीं उठाया गया। अतः नगर परिषद द्वारा नियमानुसार तहबजारी वसूल करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा भविष्य में तहबजारी वसूलने हेतु उचित कदम उठाये जाने सुनिश्चित करें।

## 14 पालतू कुत्ता शुल्क की वसूली न करना

अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 349, दिनांक 30.3.2016 के सन्दर्भ में नगर परिषद द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना/जानकारी के अनुसार अंकेक्षण अवधि के दौरान पालतू कुत्ता शुल्क के रूप में कोई राशि प्राप्त नहीं की गई थी। गत अंकेक्षण प्रतिवेदन में भी इस सन्दर्भ में आपत्ति उठाई गई थी, परन्तु वर्तमान अंकेक्षण अवधि 31.3.2015 तक इस बारे कोई भी कदम नहीं उठाया गया, जिसका तथ्यों सहित औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा इस शुल्क की वसूली बारे आपेक्षित कार्रवाई करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 15 विज्ञापन शुल्क बारे

नगर परिषद क्षेत्र में विभिन्न कम्पनियों/व्यापारियों द्वारा विज्ञापन से सम्बन्धित होर्डिंगस/साईन बोर्ड काफी मात्रा में लगाए गए हैं लेकिन वित्त वर्ष 2008–09, 2009–10 व 2012–13 में इस सन्दर्भ में कोई भी शुल्क प्राप्त नहीं किया गया, जबकि वर्ष 2010–11, 2011–12, 2013–14 व 2014–15 में क्रमशः ₹90,007, ₹3,000, ₹5,400 व ₹36,801 विज्ञापन शुल्क के रूप में प्राप्त किए गए। विज्ञापन प्रचार सामग्रियों की संख्या के दृष्टिगत यह प्रतीत होता है कि विज्ञापन शुल्क नियमित रूप से वसूल नहीं किया गया था। अतः इस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए। यह प्रकरण नगर परिषद प्रशासन के उच्चाधिकारियों के विशेष ध्यान में आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु लाया जाता है। इसके अतिरिक्त इस सन्दर्भ में कृत कार्रवाई से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 16 बैंक में ₹2.37 लाख देरी से जमा करवाने पर अस्थाई दुर्विनियोजन करना

अंकेक्षण के दौरान अभिलेखों की जांच करने पर पाया गया कि नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा प्राप्ति की गई राशियों को प्राप्ति के तुरन्त बाद बैंक में जमा न करके देरी से बैंक में जमा किया गया था। रोकड़ बही में दिए गए विवरणानुसार कर्मचारियों द्वारा निम्न विवरणानुसार प्राप्त राशियों को उनके सामने दर्शाई गई तिथियों को बैंक में जमा किया गया था, जिसके फलस्वरूप ₹2,36,755 का अस्थाई दुर्विनियोजन किया गया प्रतीत होता है। प्राप्त राशियों को समय पर बैंक में जमा न करने बारे स्थिति स्पष्ट करने के अतिरिक्त देरी से बैंक में अस्थाई दुर्विनियोजन के पश्चात राशि जमा करने पर सम्बन्धित कर्मचारियों के विरूद्ध की गई अपेक्षित कार्यवाही करके अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए। इसके अतिरिक्त देरी से राशियों को बैंक में जमा करने पर ब्याज की हानि की भी सम्बन्धित कर्मचारियों से वसूली सुनिश्चित की जाए।

| क्र0 सं0 | नाम | माह | कम जमा राशि | कम जमा राशि के देरी से जमा का विवरण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | माह | जमा राशि |
| 1 | श्री प्रदीप कुमार लिपिक | 6/2010 | 3559 | 2/2015 | 29 |
| | | | | 3/2015 | 3530 |
| | | 7/2010 | 2900 | 3/2015 | 2900 |
| | | 9/2010 | 2800 | 3/2015 | 2800 |
| | | 10/2010 | 10563 | 3/2015 | 10563 |
| | | 5/2013 | 75 | 3/2015 | 75 |
| | | 7/2013 | 1108 | 2/2015 | 1108 |
| | | 8/2013 | 21624 | 9/2013 | 17613 |
| | | 10/2013 | 10696 | 11/2013 | 7896 |
| | | | | 3/2015 | 2800 |
| | | 11/2013 | 29287 | 12/2013 | 26287 |
| | | | | 3/2015 | 3000 |
| | | 1/2014 | 5224 | 2/2014 | 4337 |
| | | | | 3/2014 | 887 |
| | | 2/2014 | 13700 | 3/2014 | 11700 |
| | | | | 3/2015 | 2000 |
| | | 3/2014 | 2600 | 3/2015 | 2600 |
| | | 4/2014 | 59338 | 5/2014 | 58280 |
| | | | | 3/2015 | 1058 |
| | | 5/2014 | 9606 | 6/2014 | 8600 |
| | | | | 7/2014 | 6 |
| | | | | 3/2015 | 1000 |
| | | 8/2014 | 11650 | 9/2014 | 11600 |
| | | | | 3/2015 | 50 |
| | | **जोड़** | **1,84,730** | | |
| 2 | श्री शरीफ मोहम्मद, कनिष्ठ अभियन्ता | 12/2013 | 303 | 12/2014 | 303 |
| | | **जोड़** | **303** | | |
| 3 | श्री राम करण, लिपिक | 7/2011 | 300 | 2/2015 | 300 |
| | | 2/2013 | 195 | 1/2014 | 195 |
| | | 3/2013 | 8053 | 1/2014 | 8053 |
| | | 4/2013 | 24860 | 1/2014 | 24860 |
| | | 5/2013 | 15269 | 12/2014 | 269 |
| | | | | 2/2015 | 15000 |
| | | **जोड़** | **48,677** | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | श्रीमती योगिता वाली, लिपिक | 9/2010 | 2810 | 3/2015 | 2810 |
| | | 2/2012 | 225 | 3/2015 | 225 |
| | | 9/2012 | 10 | 3/2015 | 15 |
| | | **जोड़** | **3,045** | | |

**कुल अस्थाई दुर्विनियोजन की गई राशि (184730+303+48677+3045) = ₹2,36,755**

## 17 रख–रखाव प्रभार की ₹67.28 लाख की वसूली न करना

हाऊसिंग बोर्ड फेस–I, II तथा III के निवासियों से दिनांक 31.3.2015 तक रख–रखाव प्रभार (Maintenance Charges) की ₹67,28,061 लाख वसूल की जानी शेष थी, जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट–''घ''** में दिया गया है। अतः शेष राशि की वसूली न करने बारे स्थिति स्पष्ट करने के साथ–साथ रख–रखाव प्रभार की उक्त बकाया राशि की वसूली हेतु शीघ्र ठोस कदम उठाए जाएं कृत कार्रवाई से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 18 दुकानों के किराया की ₹16.68 लाख की वसूली न करना

दुकानों के किराये के रूप में दिनांक 31.3.2015 तक ₹16,68,430 वसूल की जानी शेष थी। जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट–''ड़''** में दिया गया है। नगर परिषद द्वारा प्रस्तुत विवरण एवं दुकानों के किराये से सम्बन्धित मांग एवं प्राप्ति रजिस्टर की जांच उपरान्त दिनांक 31.3.2015 तक नगर परिषद द्वारा कुल ₹22,18,550 किराये की वसूली जानी अपेक्षित थी, जबकि ₹5,50,120 की वसूली की गई। इस प्रकार दिनांक 31.3.2015 को ₹16,68,430 वसूली योग्य शेष थी, परन्तु नगर परिषद द्वारा किराये पर दी गई दुकानों की मासिक किराये व बकाया शेष राशि को नियमित रूप में वसूल करने हेतु कोई विशेष कार्रवाई नहीं की गई थी। अतः बकाया राशि की समयबद्ध वसूली न करने बारे औचित्य स्पष्ट किया जाए एवं किरायेदारों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाए। यह किराये की बकाया राशि नियमानुसार विलम्ब शुल्क सहित वसूल करके अनुपालना से आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवाया जाए तथा भविष्य में स्टालों से किराये की वसूली नियमित रूप से की जानी सुनिश्चित की जाए।

## 18.1 खाली दुकानों की नीलामी न करने के कारण नगर परिषद को ₹3.10 लाख की वित्तीय हानि

अंकेक्षण अवधि के दौरान पाया गया कि नगर परिषद की दुकान नम्बर 10, 16 व 19 लगभग तीन वर्षों से खाली पड़ी थी जिसके कारण नगर परिषद को ₹3,09,600 की वित्तीय हानि हुई जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :–

| क्र0सं0 | दुकान नम्बर | किराया (प्रतिमाह) | अवधि जिसमें दुकान खाली रही | किराया न वसूलने पर वित्तीय हानि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 10 | 3300 | 1.4.12 से 31.3.15 (3 वर्ष) | 1,18,800 |
| 2 | 16 | 2500 | 1.4.12 से 31.3.15 (3 वर्ष) | 90,000 |
| 3 | 19 | 2800 | 1.4.12 से 31.3.15 (3 वर्ष) | 1,00,800 |
| | | | **कुल** | **3,09,600** |

कार्यकारी अधिकारी द्वारा चर्चा के दौरान बताया गया कि इन दुकानों को भण्डार (Store) के लिए प्रयोग किया गया था, जबकि नगर परिषद परिसर की प्रथम मन्जिल में कार्यालय के साथ काफी कमरे खाली पड़े हैं जिसमें समान का भण्डारण असानी से किया जा सकता था, इसके अतिरिक्त नगर परिषद द्वारा IDSMT Integrated development of small & medium परियोजना के अन्तर्गत जिस उद्देश्य के लिए अनुदान राशि से यह भवन बनाया गया है, भवन का उपयोग उस उद्देश्य के लिए नहीं किया गया। अतः नगर परिषद द्वारा भण्डार के लिए उपयोग की जा रही दुकानों को तुरन्त खाली करके किराये पर दिए जाने हेतु आवश्यक प्रक्रिया अमल में लाई जाए जिसके कारण नगर परिषद को हो रही वित्तीय हानि को रोका जा सके। इस सन्दर्भ में की गई कार्यवाही से आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 19 आय विभाग में ₹9020 कम जमा करवाकर सम्भावित दुर्विनियोजन करना

भुगतान वाऊचर संख्याः 17, दिनांक 19.4.2013 द्वारा निम्न विवरणानुसार आयकर विभाग को भुगतान किया दर्शाया गया था।

| क्रम संख्या | विवरण | अवधि | राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | आयकर | 7/2011 से 3/2012 | 1,07,471 |
| 2 | आयकर | 4/2012 से 3/2013 | 3,15,585 |
| 3 | शिक्षा सैस | 4/2012 से 3/2013 | 9,020 |
| | | **कुल राशि** | **4,32,076** |

उपरोक्त वाऊचर के साथ संलग्न चलानों के अनुसार निम्न वर्णित राशियां जमा की गई थी।

| क्रम संख्या | चालान नम्बर | दिनांक | जमा राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 23.4.2013 | 3,15,585 |
| 2 | 5 | 23.4.2013 | 1,07,471 |
| | | **कुल राशि** | **4,23,056** |

उपरोक्त विवरणानुसार वाऊचर के विरूद्ध चैक संख्याः 044226 दिनांक 19.4.2013 ₹4,32,076 का श्री प्रदीप कुमार लिपिक के नाम जारी किया गया जिसे श्री प्रदीप कुमार द्वारा दिनांक 22.4.2013 को बैंक से भुनाया था तथा उपरोक्त विवरणानुसार इस राशि के विरूद्ध ₹4,23,056 ही आयकर विभाग में जमा की गई थी तथा (4,32,076 – 4,23,056) = 9020 कम जमा की गई थी। इस राशि के दुर्विनियोजन की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता। उपरोक्त मामला अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 8 दिनांक 18.4.2016 द्वारा कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद के ध्यान में लाया गया था तथा कार्यकारी अधिकारी द्वारा पत्र संख्याः न0प0/बद्दी/ऑडिट/2016, दिनांक 30.4.2016 द्वारा सूचित किया था कि कम जमा करवाई गई राशि की छानबीन उपरान्त भरपाई कर ली जाएगी। अतः इस सन्दर्भ में कृत कार्रवाई से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 19.1 संविदाकारों से वसूली गई आयकर की राशि से ₹32,139 का आयकर विभाग को अधिक भुगतान करना

उपरोक्त वाऊचर के साथ संलग्न सूची में संविदाकारों के बिलों से वसूल की गई आयकर की राशि से अधिक राशि का भुगतान आयकर विभाग को किया गया था जिसके फलस्वरूप निम्न विवरणानुसार ₹32139 का आयकर विभाग को अधिक भुगतान किया गया था। इस राशि की उचित माध्यम/चूककर्ता से वसूली करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| क्र0 सं0 | संविदाकार का नाम | वाऊचर संख्या | दिनांक | आयकर/शिक्षा सैस प्राप्त राशि | आयकर/शिक्षा सैस की भुगतान राशि | अधिक भुगतान राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री भजन सिंह | 29 | 11.6.2012 | 2102 | 21019 | 18917 |
| 2 | श्री बलजीत सिंह | 15 | 8.8.2012 | 1175 | 11718 | 10543 |
| 3 | मै0 सुण्डल बिलर्डज | 8 | 7.1.2013 | 17 | 1159 | 1142 |
| 4 | श्री भजन सिंह | 20 | 10.1.2013 | 48 | 1585 | 1537 |
| | | | | | **जोड** | **32,139** |

## 19.2 संविदाकारों के बिलों से वसूल की गई आयकर शिक्षा सैस, सेल टैक्स व लेबर सैस की ₹7.59 लाख का सम्बन्धित विभागों को भुगतान न करना

उपरोक्त वाऊचर संख्या 17, दिनांक 19.4.2013 के साथ संलग्न सूची में माह 7/2011 से 3/2013 के दौरान संविदाकारों के बिलों से वसूली गई राशियों का विवरण तैयार किया गया। विवरण तैयार करते समय निम्न वाऊचरों द्वारा वसूली गई राशियों को शामिल नहीं किया गया था, जिसके फलस्वरूप इन वसूली गई राशियों का सम्बन्धित विभागों को भुगतान नही किया गया था। अतः संविदाकारों के बिलों से वसूली गई राशियों का सम्बन्धित विभागों को भुगतान न करने

बारे स्थिति स्पष्ट करने के अतिरिक्त इन राशियों का सम्बन्धित विभागों को शीघ्र भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

| क्र0 सं0 | संविदाकार का नाम | वा0 सं0 | दिनांक | वसूली गई राशि का विवरण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | आयकर (₹) | शिक्षा सैस (₹) | लेबर सैस (₹) | सेल टैक्स (₹) | कुल राशि (₹) |
| 1 | श्री भजन सिंह | 21 | 27.4.12 | 2145 | 64 | 2145 | 4299 | 8653 |
| 2 | श्री भजन सिंह | 32 | 12.6.12 | — | — | 901 | — | 901 |
| 3 | मैं0 टारगेट ग्रीन पलानैर | 7 | 7.7.12 | 5600 | — | — | — | 5600 |
| 4 | श्री जरनैल सिंह | 10 | 17.7.12 | 10914 | 327 | 10914 | 21828 | 43983 |
| 5 | मैं0 सुण्डला बिलर्डज | 11 | 17.7.12 | 3215 | 96 | 3215 | 6431 | 12957 |
| 6 | मैं0 सुण्डला बिलर्डज | 12 | 17.7.12 | 6179 | 185 | 6179 | 12358 | 24901 |
| 7 | मै0 सुण्डला बिलर्डज | 25 | 30.1.13 | 4684 | 141 | 4684 | 9369 | 18878 |
| 8 | — | 17 | 19.4.13 | — | — | 203745 | — | 203745 |
| 9 | — | 9 | 6.8.14 | — | — | 167988 | 243579 | 411567 |
| 10 | श्री विमल कुमार | 14 | 17.2.13 | 14436 | — | — | 13125 | 27561 |
| | | | **जोड़** | **47173** | **813** | **399771** | **310989** | **758746** |

## 19.3 संविदाकारों के भुगतान बिलों से लेबर सैस की ₹0.79 लाख की वसूली न करना

सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार संविदाकारों के भुगतान बिलों से एक प्रतिशत की दर से लेबर सैस की वसूली की जानी अपेक्षित थी। अभिलेखों की पड़ताल करने पर पाया गया कि निम्न मामलों में संविदाकारों के भुगतान बिलों से लेबर सैस की ₹79,024 की वसूली नहीं की गई थी। अतः सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार संविदाकारों के भुगतान बिलों से लेबर सैस की वसूली न करने बारे स्थिति स्पष्ट करने के अतिरिक्त इस राशि की उचित स्त्रोत अथवा चूककर्ता से वसूली करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| क्र0 सं0 | संविदाकार का नाम | वा0 सं0 | दिनांक | संविदाकारों को कुल भुगतान | लेबर सैस की एक प्रतिशत की दर से वसूली योग्य राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री चरण दास | 11 | 20.9.11 | 1,78,500 | 1,785 |
| 2 | श्री चरण दास | 4 | 13.10.11 | 2,10,000 | 2,100 |
| 3 | मैं0 टारगेट ग्रीन पलैनेट | 5 | 13.10.11 | 2,50,000 | 2,500 |
| 4 | श्री चरण दास | 5 | 15.11.11 | 2,10,000 | 2,100 |
| 5 | मैं0 टारगेट ग्रीन पलैनेट | 6 | 15.11.11 | 2,50,000 | 2,500 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 6 | मैं0 टारगेट ग्रीन पलैनेट | 5 | 13.12.11 | 2,50,000 | 2,500 |
| 7 | मैं0 टारगेट ग्रीन पलैनेट | 5 | 6.1.12 | 2,50,000 | 2,500 |
| 8 | श्री चरण दास | 6 | 13.12.11 | 2,10,000 | 2,100 |
| 9 | श्री चरण दास | 4 | 6.1.12 | 2,10,000 | 2,100 |
| 10 | श्री चरण दास | 12 | 15.2.12 | 2,01,875 | 2,019 |
| 11 | मैं0 टारगेट ग्रीन पलैनेट | 13 | 15.2.12 | 2,43,125 | 2,431 |
| 12 | मैं0 टारगेट ग्रीन पलैनेट | 11 | 14.3.12 | 2,31,250 | 2,313 |
| 13 | श्री चरण दास | 12 | 14.3.12 | 1,95,000 | 1,950 |
| 14 | श्री चरण दास | 16 | 2.4.12 | 2,10,000 | 2,100 |
| 15 | श्री चरण दास | 5 | 11.5.12 | 2,10,000 | 2,100 |
| 16 | श्री चरण दास | 21 | 2.6.12 | 2,10,000 | 2,100 |
| 17 | श्री चरण दास | 6 | 7.7.12 | 2,10,000 | 2,100 |
| 18 | श्री चरण दास | 2 | 1.8.12 | 1,05,000 | 1,050 |
| 19 | श्री चरण दास | 12 | 16.8.12 | 2,40,000 | 2,400 |
| 20 | श्री चरण दास | 14 | 11.9.12 | 1,20,000 | 1,200 |
| 21 | मैं0 टारगेट ग्रीन पलैनेट | 17 | 2.4.12 | 2,50,000 | 2,500 |
| 22 | मैं0 टारगेट ग्रीन पलैनेट | 6 | 11.5.12 | 2,50,000 | 2,500 |
| 23 | मैं0 टारगेट ग्रीन पलैनेट | 22 | 2.6.12 | 2,50,000 | 2,500 |
| 24 | मैं0 टारगेट ग्रीन पलैनेट | 3 | 8.1.12 | 1,25,000 | 1,250 |
| 25 | मैं0 टारगेट ग्रीन पलैनेट | 13 | 16.8.12 | 2,87,000 | 2,870 |
| 26 | मैं0 टारगेट ग्रीन पलैनेट | 15 | 12.9.12 | 2,87,000 | 2,870 |
| 27 | मैं0 सण्डला बिलर्डज | 19 | 22.11.13 | 7,71,419 | 7,714 |
| 28 | मैं0 सण्डला बिलर्डज | 21 | 22.6.13 | 6,79,111 | 6,791 |
| 29 | श्री विमल कुमार | 6 | 3.7.13 | 43,861 | 438 |
| 30 | श्री विमल कुमार | 20 | 21.8.13 | 7,27,551 | 7,275 |
| 31 | श्री मोहन लाल | 15 | 30.1.14 | 12,729 | 127 |
| 32 | श्री मोहन लाल | 16 | 30.1.14 | 24,091 | 241 |
| | | | | **कुल राशि** | **79,024** |

## 20 संविदाकारों से आयकर की ₹3.23 लाख की कम वसूली करना

संविदाकारों के भुगतान से स्त्रोत पर आयकर की वसूली से सम्बन्धित दिशा निर्देशों के अनुसार कम्पनी/फर्म को किए जाने वाले भुगतान से वर्ष 2012–13, 2013–14 व 2014–15 के दौरान 2 प्रतिशत की दर से आयकर की वसूली की जानी अपेक्षित थी। अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि वर्ष 2012–13, 2013–14 व 2014–15 के दौरान संविदाकार कम्पनी/फर्म को भुगतान करते समय एक प्रतिशत की दर से ही आयकर की वसूली की गई थी। इस प्रकार संविदाकार/फर्मों से दो प्रतिशत आयकर के स्थान पर एक प्रतिशत आयकर की वसूली करने के

फलस्वरूप संविदाकारों से आयकर की ₹3,22,847 की कम वसूली की गई थी, जिसका विवरण **परिशिष्ट–''च''** पर दिया गया है। उपरोक्त मामला अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 18, दिनांक 30.4. 2016 द्वारा कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद बद्दी के ध्यान में लाया गया था, जिसका अंकेक्षण समाप्ति तक कोई प्रति उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः संविदाकारों से आयकर की कम कटौती के कारणों को स्पष्ट करते हुए उचित स्त्रोत से राशि की वसूली की जाए। अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 21 वेतन व भत्तों के रूप में ₹0.67 लाख का अधिक भुगतान

नगर परिषद कर्मचारियों के वेतन व भत्तों के भुगतान की जांच करने पर ₹66,584 के अधिक भुगतान एवं कम वसूली के मामले पाए गए जिनका विवरण निम्न प्रकार से है।

## 21.1 मकान किराये भत्ते का अधिक भुगतान एवं लाईसैंस फीस की कम वसूली

**(क)** नगर परिषद बद्दी द्वारा आवास बोर्ड कलोनी फेस–1 में फलैट नम्बर 20 को नगर परिषद बद्दी के कार्यकारी अधिकारी के निवास हेतु आबंटन किया गया था। नगर परिषद बद्दी में माह 3/2013 से 3/2015 के दौरान श्री सुधीर कुमार शर्मा कार्यकारी अधिकारी थे। उन्होंने उपरोक्त फलैट का कब्जा Possession नहीं लिया था तथा वह मकान किराया भत्ता प्राप्त कर रहे थे लेकिन कार्यकारी अधिकारी का चिन्हित मकान होने के कारण उन्हें मकान किराये भत्ते का भुगतान नहीं किया जाना था तथा उनसे लाईसैंस फीस की वसूली भी की जानी थी। इस प्रकार श्री सुधीर कुमार शर्मा से लाईसैंस फीस की वसूली न करके व उन्हें मकान किराये भत्ते का भुगतान करके उन्हें निम्नानुसार ₹24,700 का अधिक भुगतान किया गया था जिसकी वसूली सुनिश्चित की जाए।

| क्र0 सं0 | विवरण | अवधि | माह | दर प्रति माह | कुल अधिक भुगतान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मकान किराये भत्ते का भुगतान | 1.3.13 से 31.3.15 | 25 | 600 | 15,000 |
| 2 | लाईसैंस शुल्क की वसूली योग्य राशि | 1.3.13 से 31.3.15 | 25 | 388 | 9,700 |
| | | | | **कुल राशि** | **24,700** |

**(ख)** इसके अतिरिक्त श्री सुधीर कुमार शर्मा, कार्यकारी अधिकारी बद्दी को वाऊचर संख्याः 5 माह 4/2013 द्वारा ₹8734 का भुगतान निम्न विवरणानुसार किया गया था।

| क्रमांक | विवरण | अवधि | माह | दर प्रतिमाह | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1) | मकान किराया भत्ता | 1.4.12 से 28.2.13 | 11 | 600 | 6600 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2) | लाईसैंस फीस | 1.4.12 से 28.2.13 | 11 | 194 | 2134 |
| | | | | **जोड** | **8734** |

भुगतान वाऊचरों के अनुसार श्री सुधीर कुमार शर्मा, कार्यकारी अधिकारी को अवधि 1.4.2012 से 28.2.2013 के दौरान मकान किराये भत्ते का भुगतान नहीं किया गया था तथा सरकारी मकान होने पर उनसे ₹194 प्रति माह लाईसैंस फीस की वसूली की गई थी। वाऊचर के साथ संलग्न श्री सुधीर कुमार के पत्र के अनुसार उन्होंने प्रधान नगर परिषद को सूचित किया कि उन्होंने कार्यकारी अधिकारी के रिहायशी मकान का (कब्जा) Possession नहीं लिया था तथा उन्हें उपरोक्त अवधि के दौरान मकान किराये भत्ते का भुगतान नहीं किया गया था तथा उनके वेतन से लाईसैंस फीस भी गलत वसूली गई थी जिसका उन्हें भुगतान किया जाए तथा उपरोक्त पत्र के आधार पर श्री सुधीर कुमार कार्यकारी अधिकारी को भुगतान किया गया था। नगर परिषद बद्दी में कार्यकारी अधिकारी का चिन्हित आवास है जिसे अन्य किसी कर्मचारी को आबंटित नहीं किया जा सकता था तथा कार्यकारी अधिकारी से कार्यग्रहण की तिथि से लाईसैंस फीस की वसूली की जानी थी व उन्हें मकान किराये भत्ते का भुगतान नहीं किया जाना था। इसके अतिरिक्त श्री सुधीर कुमार शर्मा, कार्यकारी अधिकारी अपने आप आहरण एवं वितरण अधिकारी थे तथा यह कहना की उनके वेतन में गलती से मकान किराये भत्ते का भुगतान नहीं किया गया व लाईसैंस फीस की वसूली की गई उचित नहीं है। अतः श्री सुधीर कुमार कार्यकारी अधिकारी को अनियमित रूप से किए गए उपरोक्त भुगतान की ₹8734 की वसूली सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त उपरोक्त वाऊचर सम्बन्धित आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा भुगतान हेतु पारित नहीं किया है, जिसे भुगतान हेतु पारित किया जाना भी सुनिश्चित किया जाए।

## 21.2 लाईसैंस फीस की ₹0.13 लाख की कम वसूली

सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन संख्याः GAD-D-3(C)14-2/97, दिनांक 21.9.2010 द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार टाईप–III के रिहायशी मकान की लाईसैंस फीस की वसूली ₹388 प्रति माह की दर से की जानी थी। अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि नगर परिषद बद्दी के कर्मचारियों को टाईप–III के रिहायशी मकान आबंटित किए गए थे लेकिन उनसे उपरोक्त आदेशों के अनुसार लाईसैंस फीस की वसूली नहीं की गई थी, जिसके फलस्वरूप निम्न विवरणानुसार ₹13,446 की लाईसैंस फीस की कम वसूली की गई थी। सम्बन्धित कर्मचारियों से इस राशि की वसूली करके राशि नगर परिषद निधि में जमा की जानी सुनिश्चित किया जाए।

| क्र0 सं0 | कर्मचारी का नाम/पद | अवधि | लाईसैंस फीस प्राप्ति योग्य राशि | लाईसैंस फीस प्राप्त राशि | प्रति माह कम प्राप्ति | माह | कुल कम प्राप्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुधीर कुमार शर्मा कार्यकारी अधिकारी | 1.4.12 से 28.2.13 | 388 | 194 | 194 | 11 | 2134 |
| 2 | श्री के0एल0 ठाकुर कार्यकारी अधिकारी | 21.9.10 से 30.9.10 | 129 | 65 | 64 | 1 | 64 |
| | | 1.10.10 से 31.3.12 | 388 | 194 | 194 | 18 | 3492 |
| 3 | श्री राजेश चौधरी कनिष्ठ अभियन्ता | 1.3.11 से 30.4.12 | 388 | 194 | 194 | 14 | 2716 |
| 4 | श्रीमती योगिता वाली लिपिक | 1.6.12 से 31.7.14 | 388 | 194 | 194 | 26 | 5040 |
| | | | | | | **कुल राशि** | **13,446** |

## 21.3 कर्मचारियों के वेतन से काटी गई आयकर की राशि से ₹10,934 का आयकर विभाग को अधिक भुगतान करना

वर्ष 2013–14 के दौरान कर्मचारियों के वेतन से आयकर की स्त्रोत पर काटी/वसूली गई ₹92,639 का भुगतान वाऊचर संख्या 28, माह 3/2014 द्वारा आयकर विभाग को किया गया था। अभिलेखों की पड़ताल करने पर पाया गया कि वर्ष 2013–14 के दौरान नगर परिषद बद्दी के कर्मचारियों से ₹81,705 आयकर की वसूली की गई थी। आयकर की वसूल की गई ₹81,705 के स्थान पर आयकर विभाग को ₹92,639 का भुगतान किये जाने के फलस्वरूप निम्नानुसार ₹10,934 का अधिक भुगतान किया गया था, जिसकी वसूली सम्बन्धित विभाग से करना सुनिश्चित की जाए।

| क्र0 सं0 | कर्मचारी का नाम/पद | माह | आयकर की वसूली गई राशि | आयकर की भुगतान राशि | अधिक भुगतान राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुधीर कुमार शर्मा कार्यकारी अधिकारी | 2/2014 | 18,688 | 18,688 | – |
| 2 | श्री शरीफ मोहम्मद कनिष्ठ अभियन्ता | 2/2014 | 15,354 | 15,354 | – |
| 3 | श्रीमती योगिता वाली लिपिक | 2/2014 | 29,714 | 29,714 | – |
| 4 | श्री प्रदीप कुमार लिपिक | 2/2014 | 13,328 | 13,328 | – |
| 5 | श्री हरि कृष्ण डोगरा लेखाकार | 8/13 से 1/14 | 6000 | | |
| | ₹1000 प्रतिमाह रिफण्डिड वा0 नं0 3 माह 3/2014 | | (–) 1379 | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 4621 | 10,621 | 6000 |
| बिना विवरण भुगतान राशि | | — | 4934 | 4934 |
| | **जोड़** | **81,705** | **92,639** | **10,934** |

## 21.4 श्रीमती योगिता वाली के आयकर की ₹10,054 का नगर परिषद निधि से अनुचित भुगतान करना

वाऊचर संख्याः 28 माह 3/2014 के अनुसार श्रीमती योगिता वाली के माह 2/2014 के वेतन की गणना निम्न प्रकार से की गई थी,

| | |
|---|---|
| मूल वेतन | 9661 |
| ग्रेड पे | 1900 |
| महंगाई भत्ता | 9249 |
| एच0सी0ए0 | 200 |
| **कुल राशि** | **21,010** |
| **वसूलियां** | |
| आयकर वसूली | 29714 |
| पी0पी0एफ0 | 1156 |
| लाईसैंस फीस | 194 |
| **कुल वसूली** | **31064** |
| **भुगतान योग्य राशि (–)** | **10054** |

उपरोक्त विवरणानुसार श्रीमती योगिता वाली के आयकर की राशि ₹10,054 का नगर परिषद निधि से भुगतान किया गया था। अंकेक्षण समाप्त होने तक उपरोक्त राशि श्रीमती योगिता वाली के वेतन से वसूल करके नगर परिषद निधि में जमा नहीं की गई थी। अतः उपरोक्त ₹10054 की वसूली करके राशि नगर परिषद निधि में जमा की जानी सुनिश्चित की जाए।

## 21.5 मकान किराये भत्ते की ₹6,700 का अधिक भुगतान करना

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि श्री शरीफ मोहम्मद, कनिष्ठ अभियन्ता व श्री हरिकृष्ण डोगरा, लिपिक को वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्याः फिन(सी)13(7)1/2012, दिनांक 28.2.2012 द्वारा निर्धारित दरों से अधिक दर पर मकान किराये भत्ते का भुगतान किया गया था, जिसके फलस्वरूप उनको निम्नविवरणानुसार ₹6700 का अधिक भुगतान किया गया था, जिसकी वसूली सुनिश्चित की जाए।

| क्र0 सं0 | कर्मचारी का नाम/पद | अवधि | मकान किराया भत्ता देय | भुगतान किया गया मकान किराया भत्ता | प्रतिमाह अधिक भुगतान | माह | अधिक भुगतान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री शरीफ मोहम्मद, कनिष्ठ अभियन्ता | 1.7.12 से 31.7.14 | 400 | 500 | 100 | 25 | 2500 |
| 2 | श्री हरि कृष्ण डोगरा | 1.8.13 से 31.7.14 | 550 | 900 | 350 | 12 | 4200 |
| | | | | | | **जोड़** | **6700** |

## 21.6 मकान किराये भत्ते की ₹700 का अनियमित भुगतान करना

